**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**TBC : 16/17/ET** **Booklet Sr. No.** 160189

**Roll No.** | | | | | | | |

# PUBLIC ADMINISTRATION

## PAPER III

Time Allowed : 2½ Hours] [Maximum Marks : 150

### Instruction for the Candidates

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Test Booklet except in the space provided for rough work.
2. This paper consists of ***seventy five*** **(75)** multiple-choice type of questions. ***All*** questions carry equal marks.
3. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (*i*) **To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.**
   (*ii*) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Each item has four alternatives response marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item completely with **Blue/Black ball point pen** as shown below. H.B. Pencil should not be used in blackening the circle to indicate responses on the answer sheet.

   Example : (A) ● (C) (D) Where (B) is correct response.
5. Your responses to the each item are to be indicated in the **OMR** Sheet provided to you only. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough work is to be done in the end of this booklet.
8. **If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclosed your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.**
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
11. **There are no negative marks for incorrect answers.**
12. In case of any discrepancy found in the English and Hindi Versions, the English Version will be treated as final.
13. **CARRYING AND USE OF ELECTRONICS/COMMUNICATION DEVICES IN EXAMINATION HALL ARE NOT ALLOWED.**

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

# PUBLIC ADMINISTRATION

## Paper III

Time Allowed : 2½ Hours] [Maximum Marks : 150

*Note* :— This paper contains *seventy five* **(75)** multiple choice questions, each question carries *two* **(2)** marks. Attempt all of them.

1. Who said : 'Administration is politics since it must be responsive to the public interest' ?

   (A) Luther Gulick (B) Lyndall Urwick

   (C) John M. Pfiffner (D) Paul H. Appleby

2. Who among the following questioned the claim of Public Administration to be a science ?

   (A) Chester Bernard (B) Herbert Simon

   (C) Robert Dahl (D) Luther Gulick

3. The title of the seminal paper written by Woodrow Wilson in 1887 is :

   (A) The Study of Administration

   (B) The Study of Public Administration

   (C) The Study of Bureaucracy

   (D) The Study of Government

# लोक प्रशासन

## प्रश्न-पत्र III

समय : 2½ घण्टे] [पूर्णांक : 150

**नोट** :— इस प्रश्न-पत्र में **पचहत्तर (75)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न करने हैं।

1. किसने कहा, 'प्रशासन राजनीति है क्योंकि इसे लोकहित के प्रति आवश्यक रूप से जवाबदेह होना चाहिए' ?

   (A) लूथर गुलिक (B) लिंडल उरविक

   (C) जॉन एम. फिफनर (D) पॉल एच. एप्पलबी

2. निम्न में से किसने लोक प्रशासन के विज्ञान होने के दावे पर प्रश्नचिह्न लगाया ?

   (A) चेस्टर बर्नार्ड (B) हर्बर्ट साइमन

   (C) रॉबर्ट डह्ल (D) लूथर गुलिक

3. वुडरो विल्सन द्वारा 1887 में लिखे गए महत्वपूर्ण लेख का शीर्षक है :

   (A) द स्टडी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन

   (B) द स्टडी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन

   (C) द स्टडी ऑफ ब्यूरोक्रेसी

   (D) द स्टडी ऑफ गवर्नमेंट

4. The first textbook on Public Administration was written by :

(A) Herbert Simon (B) Henry Fayol

(C) L. D. White (D) John M. Pfiffner

5. Which of the following is advocated by Luther Gulick ?

(A) 14 Principles of Organization (B) 4Ps

(C) Satisfying Behaviour (D) Ecological Equilibrium

6. The 'New Public Administration' movement is mainly against :

(A) Administrative centralization and neutrality of administration

(B) Neutrality of administration and meritocracy

(C) Meritocracy and political orientation of administration

(D) Political orientation of administration and administrative centralization

7. Herbert A. Simon has described the principles of administration as proverbs because :

I. They are not based upon scientific research

II. They are logically inconsistent and mutually contradictory

III. They have universal applicability

IV. They are common sense conclusions derived from experience

Select the *correct* code :

(A) I, II

(B) I, II, III

(C) II, III, IV

(D) I, II, IV

4. लोक प्रशासन पर पहली पाठ्यपुस्तक किसने लिखी ?

(A) हर्बर्ट साइमन (B) हेनरी फेयोल

(C) एल. डी. व्हाइट (D) जॉन एम. फिफनर

5. लूथर गुलिक द्वारा निम्न में से किसका प्रतिपादन किया गया ?

(A) संगठन के 14 सिद्धांत (B) 4 पी

(C) संतोषजनक व्यवहार (D) पारिस्थितिक समानमूलता

6. 'नव लोक प्रशासन' आंदोलन मुख्यत: किसके विरोध में है ?

(A) प्रशासनिक केन्द्रीयकरण तथा प्रशासनिक निरपेक्षता

(B) प्रशासन में निरपेक्षता तथा योग्यतातंत्र

(C) योग्यतातंत्र तथा प्रशासन का राजनीतिक रुझान

(D) प्रशासन का राजनीतिक रुझान तथा प्रशासनिक केन्द्रीयकरण

7. हर्बर्ट ए. साइमन ने प्रशासन के सिद्धान्तों को लोकोक्तियाँ कहा क्योंकि :

I. वे वैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित नहीं हैं

II. वे तार्किक अक्रमबद्धता व परस्पर विरोधाभासी हैं

III. उनकी सार्वभौमिक मान्यता है

IV. वे अनुभव के आधार पर किए गए सामान्य निष्कर्ष हैं

**सही** कूट का चयन कीजिये :

(A) I, II

(B) I, II, III

(C) II, III, IV

(D) I, II, IV

8. The public choice school sets a concept of :

(A) Bureaucratic administration

(B) Hierarchical administration

(C) Democratic administration

(D) Oligarchic administration

9. *'The Intellectual Crisis in American Public Administration'* written by Vincent Ostrom deals with :

(A) New Public Administration

(B) Ecological Approach

(C) Developmental Approach

(D) Public Choice Approach

10. Who of the following has described authority as the supreme co-ordinating power ?

(A) Karl Marx

(B) F. W. Riggs

(C) Max Weber

(D) J. D. Mooney and A. C. Reiley

8. लोक चयन विमर्श संकल्पना निरूपित करता है :

(A) नौकरशाही प्रशासन

(B) पदसोपानीय प्रशासन

(C) लोकतांत्रिक प्रशासन

(D) अल्पतंत्रीय प्रशासन

9. विन्सेन्ट ओस्ट्रॉम द्वारा लिखित '*द इंटेलेक्च्यूल क्राइसिस इन अमेरिकन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन*' संबंधित है :

(A) नव लोक प्रशासन

(B) पारस्थितिक उपागम

(C) विकासीय उपागम

(D) लोक चयन उपागम

10. निम्न में से किसने सर्वोच्च समन्वय शक्ति के रूप में प्राधिकरण को वर्णित किया है ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) एफ. डब्लू. रिग्स

(C) मैक्स वेबर

(D) जे. डी. मूने व ए. सी. रिले

11. Which of the following pairs are *correct* ?

I. Theory of Social and Economic Organisation — Max Weber

II. Models of Man : Social and Rational — Herbert A. Simon

III. Organisation and Management — F. W. Taylor

IV. Elements of Public Administration — F. M. Marx

*Codes* :

(A) I, II, IV

(B) I, II, III

(C) II, III, IV

(D) I, II, III, IV

12. In which of the following countries, control over administration through motion of 'no-confidence' is not possible ?

(A) Britain (B) France

(C) United States (D) India

13. Which one of the following schools of thought had strong intellectual influence over the shaping of British administration in India ?

(A) Fabianism (B) Utilitarianism

(C) Pluralism (D) Mercantilism

11. निम्न में से कौनसा युग्म **सही** है ?

I. थ्योरी ऑफ सोशल एंड इकोनोमिक ऑर्गेनाइजेशन – मैक्स वेबर

II. मॉडल्स ऑफ मैन : सोशल एंड रेशनल – हर्बर्ट ए. साइमन

III. ऑर्गेनाइजेशन एंड मैनेजमैंट – एफ. डब्लू. टेलर

IV. ऐलिमेंट्स ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन – एफ. एम. मार्क्स

**सही** कूट का चयन कीजिये :

(A) I, II, IV

(B) I, II, III

(C) II, III, IV

(D) I, II, III, IV

12. निम्न में से किस देश में शासन पर नियंत्रण के यंत्र के रूप में 'अविश्वास प्रस्ताव' संभव **नहीं** है ?

(A) ब्रिटेन

(B) फ्रांस

(C) संयुक्त राज्य

(D) भारत

13. भारत में ब्रिटिश शासन के निरूपण में निम्न में से किस विचार प्रवाह ने सशक्त वैचारिक प्रभाव डाला ?

(A) फैबियनवाद

(B) उपयोगितावाद

(C) बहुलवाद

(D) व्यापारवाद

14. The phrase 'developmental bureaucracy' was coined by :

(A) Joseph La Palambora (B) Fred. W. Riggs

(C) William Siffin (D) Edward Weidner

15. Which one of the following is a drawback in Max Weber's bureaucratic model ?

(A) Lack of normative factors as guiding action

(B) Lack of legal rational principles

(C) Lack of integrity

(D) Lack of rule of law

16. Who called the Indian Civil Services as the "Steel frame of Indian Administration" ?

(A) Lloyd George (B) Ramsay MacDonald

(C) Jawaharlal Nehru (D) Vallabhbhai Patel

17. Which one of the following is *not* a constitutional body ?

(A) Union Public Service Commission

(B) Finance Commission

(C) University Grants Commission

(D) Election Commission

18. Which one of the following institutions is responsible for Social Audit at the grassroots levels in India ?

(A) Gram Sabha (B) Village Panchayat

(C) Panchayat Samiti (D) Zila Parishad

14. विकासात्मक नौकरशाही शब्दयुग्म किसके द्वारा निर्मित किया गया ?

(A) जोसफ ला पालम्बरा
(B) फ्रेड डब्ल्यू. रिग्स
(C) विलियम सिफिन
(D) एडवर्ड वेडनर

15. निम्न में से कौनसा मैक्स वेबर के नौकरशाही सिद्धांत की एक कमी है ?

(A) निर्देशन कार्य के रूप में मूल्यपरक कारकों का अभाव
(B) विधायी तार्किक सिद्धांतों का अभाव
(C) सत्यनिष्ठा का अभाव
(D) विधि के शासन का अभाव

16. भारतीय लोक सेवा को किसने 'प्रशासन के फौलादी ढांचे' के रूप में संबोधित किया ?

(A) लॉयड जॉर्ज
(B) रामसे मैकडोनाल्ड
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) वल्लभभाई पटेल

17. निम्न में से कौन एक संविधानिक निकाय **नहीं** है ?

(A) संघ लोक सेवा आयोग
(B) वित्त आयोग
(C) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
(D) चुनाव आयोग

18. भारत में स्थानीय स्तर पर सामाजिक लेखा परीक्षण के लिए निम्न में से कौन उत्तरदायी है ?

(A) ग्राम सभा
(B) ग्राम पंचायत
(C) पंचायत समिति
(D) जिला परिषद

19. **Assertion (A) :** Public Administration is concerned with the management of public programmes.

**Reason (R) :** Public Administration is policy-making.

*Codes* :

(A) Both (A) and (R) are correct, and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) (A) is true, but (R) is false

(D) (A) is false, but (R) is true

20. Match List - I with List - II and select the correct answer from the codes given below :

| **List I** | **List II** |
|---|---|
| (*a*) Chester Barnard | (*i*) Models of Man |
| (*b*) Herbert Simon | (*ii*) The Human Side of Enterprise |
| (*c*) M. P. Follett | (*iii*) The Functions of the Executive |
| (*d*) Douglas McGregor | (*iv*) Creative Experience |

*Codes* :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) |

19. **कथन (A) :** लोक प्रशासन सार्वजनिक कार्यक्रमों के प्रबंधन से संबंधित है।

**कारण (R) :** लोक प्रशासन नीति निर्माण है।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सही है, (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, (R) सही है।

20. सूची–I के साथ सूची–II का मिलान कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

| **सूची I** | **सूची II** |
|---|---|
| (*a*) चेस्टर बर्नार्ड | (*i*) मॉडल ऑफ मैन |
| (*b*) हर्बर्ट साइमन | (*ii*) द ह्यूमन साइड ऑफ एंटरप्राइज |
| (*c*) एम. पी. फॉलेट | (*iii*) द फंक्शन ऑफ द एक्जीक्यूटिव |
| (*d*) डगलस मैकग्रेगर | (*iv*) क्रिएटिव एक्सपीरियंस |

**कूट :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) |

21. Match List - I with List - II and select the correct answer from the codes given below :

| List I | List II |
|---|---|
| (*a*) Classical Theory | (*i*) Interaction between Organisation and Environment |
| (*b*) Behavioural Approach | (*ii*) Shop floor activities of Organisation |
| (*c*) Systems Approach | (*iii*) Formulation of Principles of Organisation |
| (*d*) Scientific Management | (*iv*) People in the Organisation |

*Codes* :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |
| (C) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) |

22. The '*Lakhina* Experiment' (Ahmednagar) is associated with :

(A) District Administration

(B) Panchayati Raj Administration

(C) Rural Development Administration

(D) Tribal Development Administration

21. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिये तथा नीचे दिये गये कोड से सही उत्तर चुनिये :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) शास्त्रीय सिद्धांत | (*i*) संगठन और वातावरण के मध्य पारस्परिक अंतरसंबंध |
| (*b*) व्यवहारवादी उपागम | (*ii*) संगठन की कार्यशाला (शॉप फ्लोर) गतिविधियाँ |
| (*c*) व्यवस्था उपागम | (*iii*) संगठन के सिद्धान्तों का निर्माण |
| (*d*) वैज्ञानिक प्रबंधन | (*iv*) संगठन में लोग |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |
| (C) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) |

22. 'लखीना प्रयोग' (अहमदनगर) जुड़ा है :

(A) जिला प्रशासन

(B) पंचायती राज प्रशासन

(C) ग्रामीण विकास प्रशासन

(D) जनजातीय विकास प्रशासन

23. The New Public Administration is a quest for :

(A) Ethical values and scientific analysis

(B) Scientific analysis and relevance

(C) Relevance and ethical values

(D) Excellence

24. Match List-I with List-II and select the correct answer by using the codes given below :

| List I (Theories) | | List II (Thinkers) | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | Top-down Theory | (*i*) | A. H. Maslow |
| (*b*) | Bottom-up Theory | (*ii*) | F. W. Taylor |
| (*c*) | Self-actualization Theory | (*iii*) | Norbert Weiner |
| (*d*) | Cybernetic Theory | (*iv*) | Chester Barnard |

*Codes* :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |

23. नव लोक प्रशासन का हेतु है :

(A) नैतिक मूल्य और वैज्ञानिक विश्लेषण

(B) वैज्ञानिक विश्लेषण व प्रासंगिकता

(C) प्रासंगिकता और नैतिक मूल्य

(D) उत्कृष्टता

24. सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिये तथा नीचे दिये गये कोड से सही उत्तर चुनिये :

| सूची I (सिद्धांत) | सूची II (विचारक) |
|---|---|
| (*a*) टॉप-डाउन सिद्धांत | (*i*) ए. एच. मेस्लो |
| (*b*) बॉटम-अप-सिद्धांत | (*ii*) एफ. डब्ल्यू. टेलर |
| (*c*) आत्म-वास्तविकीकरण सिद्धांत | (*iii*) नॉबर्ट वीनर |
| (*d*) साइबरनेटिक सिद्धांत | (*iv*) चेस्टर बर्नार्ड |

कोड :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) |
| (B) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |

25. The highest policy-making body in matters related to national planning in India is :

(A) National Development Council

(B) Finance Commission

(C) NITI Aayog

(D) Inter-State Council

26. Where is Minnowbrook, the venue for landmark conferences in the evolution of public administration, located ?

(A) U.S.A. (B) U.K.

(C) Germany (D) France

27. Which of the following exercised the most profound influence in framing the Indian Constitution ?

(A) Government of India Act, 1919

(B) Nehru Report, 1928

(C) Government of India Act, 1935

(D) Cabinet Mission Plan, 1946

25. भारत में राष्ट्रीय नियोजन से संबंधित विषयों में नीति-निर्माण संबंधी शीर्ष संस्था है :

(A) राष्ट्रीय विकास परिषद

(B) वित्त आयोग

(C) नीति आयोग

(D) अंतर-राज्य परिषद

26. मिनोब्रुक, जो लोक प्रशासन के उद्गम में निर्णायक सम्मेलनों का स्थान रहा है, कहाँ स्थित है ?

(A) यू.एस.ए. (B) यू.के.

(C) जर्मनी (D) फ्रांस

27. निम्न में से किसने भारतीय संविधान निर्माण में सबसे गहन प्रभाव डाला ?

(A) भारत सरकार अधिनियम, 1919

(B) नेहरू रिपोर्ट, 1928

(C) भारत सरकार अधिनियम, 1935

(D) केबिनेट मिशन योजना, 1946

28. Which of the following relates to the Panchayats ?

(A) Part IX (B) Schedule XI

(C) Article 243-G (D) All of these

29. Who among the following said with regard to corruption : "Just as it is impossible to know when a fish moving in water is drinking it, so it is impossible to find out when government servants in charge of undertakings misappropriate money" ?

(A) Kautilya (B) Abraham Lincoln

(C) Max Weber (D) K. Santhanam

30. The term, 'Grapevine' is associated with :

(A) Supervision (B) Control

(C) Communication (D) Command

31. Who among the following conceptualized 'Governance' as a theoretical category ?

(A) F. W. Taylor (B) Henry Fayol

(C) Harlan T. Cleveland (D) B. Guy Peters

28. निम्न में से कौन सा पंचायतों से संबंधित है ?

(A) भाग IX
(B) अनुसूची XI
(C) अनुच्छेद 243-जी
(D) ये सभी

29. निम्न में से किसने भ्रष्टाचार के संबंध में कहा था : 'जैसे यह जानना असंभव है कि जल में रहने वाली मछली कब पानी पी लेती है, वैसे ही यह पता लगाना भी असंभव है कि सरकारी उपक्रमों के प्रभारी धन का कब दुरुपयोग करते हैं' ?

(A) कौटिल्य
(B) अब्राहम लिंकन
(C) मैक्स वेबर
(D) के. संथानम

30. 'ग्रेपवाइन' शब्द जुड़ा है :

(A) पर्यवेक्षण
(B) नियंत्रण
(C) संचार
(D) कमान

31. एक सैद्धांतिक श्रेणी के रूप में निम्न में से किसने 'अभिशासन' को संकल्पित किया ?

(A) एफ. डब्ल्यू. टेलर
(B) हेनरी फेयोल
(C) हारलेन टी. क्लेवलैंड
(D) बी. गाई पीटर्स

32. Which one of the following is a common objective of the 'rule of lapse', 'sunset legislation', and 'zero-based budgeting' ?

(A) Economy in expenditure

(B) Legislative control

(C) Review and re-authorization of expenditures

(D) Ensuring achievement of physical targets

33. Who coined acronym 'LPG' – Liberalization, Privatization, Globalization ?

(A) Amartya Sen (B) Mahbub-ul-Haq

(C) Joseph Stiglitz (D) None of these

34. The idea of mixed economy was conceptualized for the first time in :

(A) Nehru Report, 1928

(B) National Planning Committee, 1938

(C) Bombay Plan, 1944

(D) Avadi Session of the Indian National Congress, 1955

35. Mission *Indradhanush* relates to :

(A) Health for All (B) Immunization

(C) Clean air (D) Clean water

32. 'विलुप्तता का सिद्धांत', 'सूर्यास्त विधायन' और 'शून्य-आधारित बजट' का निम्न में से समान उद्देश्य क्या है ?

(A) व्यय में मितव्यतता

(B) विधायी नियंत्रण

(C) व्यय की समीक्षा तथा पुनः-अधिकृतिकरण

(D) भौतिक लक्ष्यों की प्राप्ति की सुनिश्चितता

33. परीवर्णी शब्द, 'एलपीजी'—लिबरलाइजेशन, प्राइवेटाइजेशन, ग्लोबलाइजेशन किसने निर्मित किया ?

(A) अमर्त्य सेन

(B) महबूब-उल-हक

(C) जोसफ स्टिगलिज

(D) इनमें से कोई नहीं

34. मिश्रित अर्थव्यवस्था का विचार पहली बार संकल्पित किया गया :

(A) नेहरू रिपोर्ट, 1928

(B) राष्ट्रीय नियोजन समिति, 1938

(C) बम्बई प्लान, 1944

(D) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का आवडी सत्र, 1955

35. मिशन 'इन्द्रधनुष' संबंधित है :

(A) सभी के लिए स्वास्थ्य

(B) टीकाकरण

(C) स्वच्छ वायु

(D) स्वच्छ जल

36. *Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana* offers :

(A) A savings account with no minimum balance

(B) ATM-cum-debit card

(C) Accident and life covers of Rs. 1 lakh and Rs. 30,000 respectively

(D) All of the above

37. With which bank the Government of India signed an agreement to support the government's flagship program, National Urban Health Mission ?

(A) Asian Development Bank

(B) World Bank

(C) BRICS Bank

(D) European Central Bank

38. *Swachh Bharat Abhiyan* was launched by Prime Minister in 2014 on :

(A) Gandhi Jayanti

(B) Independence Day

(C) Republic Day

(D) New Year

36. प्रधान मंत्री जन धन योजना प्रदान करता है :

(A) बचत खाता जिसमें कोई न्यूनतम राशि नहीं है

(B) एटीएम-कम-डेबिट कार्ड

(C) दुर्घटना और जीवन बीमाकृत क्रमशः 1 लाख एवं 30 हजार रुपये की राशि

(D) उपर्युक्त सभी

37. अपने एक प्रमुख कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को समर्थन देने के लिए भारत सरकार ने किस बैंक के साथ एक समझौता किया था ?

(A) एशियन डेवेलपमैंट बैंक

(B) विश्व बैंक

(C) ब्रिक्स बैंक

(D) यूरोपियन सैन्ट्रल बैंक

38. 2014 में प्रधान मंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान प्रारम्भ किया गया :

(A) गाँधी जयन्ती पर

(B) स्वतंत्रता दिवस पर

(C) गणतंत्र दिवस पर

(D) नव वर्ष पर

39. The equivalent to the Indian External Affairs Minister in U.S.A. is known by the name of :

(A) Secretary of Foreign Affairs

(B) Secretary of Foreign Relations

(C) Ministry of External Relations

(D) Secretary of State

40. *Pradhan Mantri Ujjwala Yojana* is associated with :

(A) Free LPG connections to women from below poverty line families

(B) Electric connection to rural people

(C) Farming Subsidy

(D) Free education to girl child

41. Which of the following is a method through which a private administrative unit can become a public administrative unit ?

(A) Liberalization

(B) Nationalization

(C) Globalization

(D) Industrialization

39. यू.एस.ए. में भारतीय विदेश मंत्री के समकक्ष जाना जाता है :

(A) विदेश विषय सचिव

(B) विदेश संबंध सचिव

(C) विदेश संबंध मंत्रालय

(D) सेक्रेटरी ऑफ स्टेट

40. प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना संबंधित है :

(A) गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली महिलाओं के लिए निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन

(B) ग्रामीण लोगों के लिए बिजली कनेक्शन

(C) कृषि सब्सिडी

(D) लड़कियों के लिए निःशुल्क शिक्षा

41. निम्न में से कौन सी ऐसी विधि है जिसके द्वारा एक निजी प्रशासनिक इकाई को सार्वजनिक प्रशासनिक इकाई बनाया जा सकता है ?

(A) उदारीकरण

(B) राष्ट्रीयकरण

(C) वैश्वीकरण

(D) औद्योगिकीकरण

42. Which one of the following is *not* a function of the Directorate ?

(A) Formulation of the budget of the department

(B) Inspection of the execution of work by the field officers

(C) Rendering of technical advice to the minister/secretary

(D) Coordination of interdepartmental functions

43. The principles concerning the provisions of grants-in-aid to the states out of the Consolidated Fund of India are recommended by :

(A) First Administrative Reforms Commission

(B) Planning Commission

(C) Public Accounts Committee

(D) Finance Commission

44. Which one of the following is *not* true of the Joint Stock Company form of Organization ?

(A) It requires the sanction of the legislature and cannot be set up by the executive action.

(B) It offers autonomy in administration with necessary freedom in financial and personal matters

(C) It can associate private enterprise with the company, thus, bringing in additional capital for investment.

(D) It provides adequate control by the government.

42. निम्न में से कौनसा निदेशालय का एक कार्य **नहीं** है ?

(A) विभाग के बजट का निर्माण

(B) क्षेत्र अधिकारियों द्वारा किये गये कार्य का निरीक्षण

(C) मंत्री/सचिव को तकनीकी परामर्श देना

(D) अंतर-विभागीय कार्यों का समन्वयन

43. भारत की संचित निधि से राज्यों को दिये जाने वाले अनुदान से संबंधित सिद्धान्तों के प्रावधान अनुशंसित होते हैं :

(A) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग

(B) योजना आयोग

(C) लोक लेखा समिति

(D) वित्त आयोग

44. संयुक्त पूँजी कम्पनी रूपी संगठन के बारे में निम्न में से कौनसी एक बात सत्य **नहीं** है ?

(A) इसे विधायिका का अनुमोदन चाहिए और कार्यकारी आदेश से स्थापित नहीं हो सकती है

(B) यह वित्तीय तथा वैयक्तिक विषयों में आवश्यक स्वतंत्रता के साथ स्वायत्तता प्रदान करती है

(C) इसके द्वारा निजी उद्यमों को भी जोड़ा जा सकता है जिससे कि निवेश के लिए अतिरिक्त पूँजी आ सके

(D) इसके द्वारा पर्याप्त सरकारी नियंत्रण स्थापित होता है

45. The specific purpose of the proposed institution of Lok Pal is :

(A) Strengthen legislative control over administration

(B) Supplement judicial control over administration

(C) Protect and promote integrity in administration

(D) Enable effective popular control over administration

46. The Board of Revenue in a state is set up by :

(A) The Constitution
(B) The Cabinet of the State

(C) The Law of Parliament
(D) A Presidential Order

47. Which one of the following is *not* a characteristic of the Indian administration ?

(A) Uniformity
(B) Decentralization

(C) Dyarchy
(D) Independent Judiciary

48. The Staff Selection Commission is :

(A) An 'attached office' under the Ministry of Personnel

(B) A 'subordinate office' of the UPSC

(C) An autonomous body under the Ministry of Personnel

(D) A statutory body under the Government of India

45. प्रस्तावित लोकपाल नामक संस्था का निश्चित उद्देश्य है :

(A) प्रशासन पर विधायी नियंत्रण को सबल करना

(B) प्रशासन पर न्यायिक नियंत्रण की प्रतिपूर्ति करना

(C) प्रशासन में सत्यनिष्ठा की सुरक्षा तथा संवर्द्धन

(D) प्रशासन पर लोकप्रिय नियंत्रण को प्रभावी बनाना

46. एक राज्य में राजस्व बोर्ड की स्थापना होती है :

(A) संविधान द्वारा

(B) राज्य मंत्रिमंडल द्वारा

(C) संसदीय विधि द्वारा

(D) राष्ट्रपतिय निर्देश द्वारा

47. निम्न में से कौन सी एक भारतीय प्रशासन की विशेषता **नहीं** है ?

(A) एकरूपता

(B) विकेन्द्रीकरण

(C) द्वैध शासन

(D) स्वतंत्र न्यायपालिका

48. कर्मचारी चयन आयोग है :

(A) कार्मिक मंत्रालय के अंतर्गत एक 'संबद्ध कार्यालय'

(B) यूपीएससी का एक 'अधीनस्थ कार्यालय'

(C) कार्मिक मंत्रालय के अंतर्गत एक 'स्वायत्त निकाय'

(D) भारत सरकार के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय

49. Which one of the following is *not* a function of a Deputy Commissioner/District Collector ?

(A) Maintenance of Law and Order

(B) Land Survey and Settlement

(C) Trial of cases under the IPC

(D) Maintenance of records of birth and death

50. Which one of the following is a crucial role to be performed by public administration in contemporary times, according to Gerald Caiden ?

(A) Institutionalization of socio-economic change

(B) Strengthening of roots of democracy

(C) Democratizing administration

(D) Strengthening of human relations in administration

51. From the value-fact standpoint, the various approaches to the study of public administration may be classified as :

(A) Empirical and normative

(B) Philosophical and historical

(C) Legal and Behavioural

(D) Structural and Ecological

49. निम्न में से कौनसा एक उपायुक्त/जिलाधिकारी का कार्य **नहीं** है ?

(A) कानून और व्यवस्था की स्थापना

(B) भूमि सर्वेक्षण और चकबंदी

(C) आईपीसी के अंतर्गत मामलों का विचारण

(D) जन्म और मृत्यु के अभिलेखों का रख-रखाव

50. जेराल्ड केडन के अनुसार समकालीन समय में लोक प्रशासन द्वारा निम्न में से कौनसी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है ?

(A) सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का संस्थानीकरण

(B) लोकतंत्र की जड़ों का सुदृढ़ीकरण

(C) प्रशासन का लोकतंत्रीकरण

(D) प्रशासन में मानव संबंध का सुदृढ़ीकरण

51. तथ्य-मूल्य की दृष्टि से लोक प्रशासन के विभिन्न उपागमों को वर्गीकृत किया जा सकता है :

(A) तथ्यात्मक और मूल्यात्मक

(B) दार्शनिक और ऐतिहासिक

(C) विधायी और व्यवहारवादी

(D) संरचनात्मक और पारिस्थितिकीय

52. Which one of the following is *not* correctly matched ?

(A) Public Administration : collective activity, organization and management, and management of men and materials.

(B) Development Administration : change and administrative responsiveness, rationality, management-worker relationship.

(C) Comparative administration : From ideographic to nomothetic

(D) New Public Administration : Relevance, values, social equity and change

53. Which one of the following tools of control may be adopted for raising a discussion in the house on a matter of urgent public importance ?

(A) Censure motion

(B) Calling attention motion

(C) Cut motion

(D) Adjournment motion

54. Who allocates the business to various ministries and departments in the Government of India ?

(A) Prime Minister's Secretariat

(B) President's Secretariat

(C) Parliament's Secretariat

(D) Cabinet Secretariat

52. निम्न में से कौनसा एक सही सुमेलित **नहीं** है ?

(A) लोक प्रशासन : सामूहिक गतिविधि, संगठन तथा प्रबंधन और व्यक्तियों और सामग्रियों का प्रबंधन

(B) विकास प्रशासन : परिवर्तन तथा प्रशासनिक उत्तरदायित्व, तार्किकत्ता, प्रबंधन-श्रमिक संबंध

(C) तुलनात्मक प्रशासन : इडियोग्राफिक से नोमोथेटिक

(D) नव लोक प्रशासन : प्रासंगिकता, मूल्य, सामाजिक समता और परिवर्तन

53. किसी त्वरित लोक महत्व के मुद्दे पर सदन में बहस आरंभ करने के लिए निम्न में से किस एक नियंत्रण उपकरण का उपयोग होता है ?

(A) निंदा प्रस्ताव (B) ध्यान आकर्षण प्रस्ताव

(C) कटौती प्रस्ताव (D) स्थगन प्रस्ताव

54. भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को कार्य आबंटन कौन करता है ?

(A) प्रधान मंत्री सचिवालय

(B) राष्ट्रपति सचिवालय

(C) संसदीय सचिवालय

(D) मंत्रिमंडलीय सचिवालय

55. Under their service rules, the British civil servants are required to be :

(A) Neutral in politics

(B) Partisan in politics

(C) Can be partly neutral and partly partisan in politics

(D) Can pursue active party politics

56. The Principle of anonymity in public services stands for :

(A) Lose of personal identity by a civil servant after joining the services

(B) Non-disclosure of identity in discharging his official duties

(C) Absence from taking part in public life

(D) Absence from signing on files presented for his perusal and necessary action

57. In which of the following countries, do the civil servants enjoy the legal right to take time off from their administrative career and responsibilities in order to contest elections and join politics for a particular period of time ?

(A) U.S.A. (B) U.K.

(C) France (D) Russia

55. अपने सेवा नियमों के अंतर्गत ब्रिटिश लोक सेवकों से अपेक्षित है :

(A) राजनीति में निरपेक्षता

(B) राजनीति में पक्षपात

(C) राजनीति में आंशिक निरपेक्षता तथा आंशिक पक्षपात

(D) दलीय राजनीति में सक्रिय भूमिका

56. लोक सेवाओं में अज्ञातता के सिद्धान्त का आशय है :

(A) सेवाओं में आने के बाद एक लोक सेवक की व्यक्तिगत पहचान का लोप

(B) अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में पहचान को उजागर न करना

(C) सार्वजनिक जीवन में भाग लेने से अनुपस्थिति

(D) अपने लिए देखने और आवश्यक कार्यवाई करने के लिए प्रस्तुत फाइलों पर हस्ताक्षर से अनुपस्थिति

57. निम्न में से किस देश में लोक सेवकों को यह कानूनी अधिकार प्राप्त है कि वे प्रशासनिक वृत्तिक तथा उत्तरदायित्वों से अवकाश लेकर एक निश्चित समय तक चुनाव लड़ सकें और राजनीति में भाग ले सकें ?

(A) यू.एस.ए. (B) यू.के.

(C) फ्रांस (D) रूस

58. Who among the following was associated with the Comparative Administrative Group (CAG) in the United States ?

(A) Charles Taylor (B) Chester Barnard

(C) Mary Parker Follet (D) Fred W. Riggs

59. Which of the following are the functions of Public Administration in a globalizing world ?

(A) To establish public health programmes

(B) To resolve problems of foreign policy

(C) To obtain cooperation from the public in maintaining law and order

(D) All of the Above

60. Which one of the following is *not* one of the problem areas identified by Robert Dahl in his 'The Science of Public Administration' ?

(A) Values

(B) Personality Differences

(C) Policy Making

(D) Socio-cultural variations

58. निम्न में से कौन संयुक्त राज्य में तुलनात्मक प्रशासनिक समूह (सीएजी) से जुड़ा रहा है ?

(A) चार्ल्स टेलर
(B) चेस्टर बर्नार्ड
(C) मेरी पार्कर फोलेट
(D) फ्रेड डब्ल्यू. रिग्स

59. भूमंडलीयकृत विश्व में निम्न में से लोक प्रशासन के कौनसे कार्य हैं ?

(A) जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों की स्थापना
(B) विदेश नीति की समस्या को सुलझाना
(C) कानून और व्यवस्था की स्थापना में जन सहयोग की प्राप्ति
(D) उपर्युक्त सभी

60. अपने लेख 'द साइंस ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन' में रॉबर्ट डहल ने निम्न में से किस एक को समस्या क्षेत्र नहीं माना ?

(A) मूल्य
(B) वैयक्तिक विभेद
(C) नीति निर्माण
(D) सामाजिक-सांस्कृतिक वैविध्य

61. According to the Classical school, the science of administration is based on :

(A) Absence of ethical or normative values

(B) Presence of codified principles and techniques

(C) Presence of scientific principles and methods of universal application

(D) Presence of empirical base of knowledge

62. The Hawthorne experiments of Elton Mayo revealed the importance of :

(A) Standardization of work procedure

(B) Informal social forces in organization

(C) Payment on group basis

(D) Positive management response to all types of demands of workers

63. Who among the following was *not* associated with the evolution of the concept of 'New Public Administration' ?

(A) Frank Marini

(B) H. George Frederickson

(C) Dwight Waldo

(D) Herbert Simon

61. क्लासिकी स्कूल के अनुसार प्रशासन का विज्ञान आधारित है :

(A) नैतिक अथवा मानकीय मूल्यों की अनुपस्थिति पर

(B) संहितकृत सिद्धान्तों और तकनीकों की उपस्थिति पर

(C) वैज्ञानिक सिद्धान्तों तथा सार्वभौमिक अनुर्पयुक्त विधियों की उपस्थिति पर

(D) ज्ञान के तथ्यात्मक आधार की उपस्थिति पर

62. एल्टन मेयो के हॉथॉर्न अनुप्रयोगों की महत्वपूर्ण खोज थी :

(A) कार्य पद्धति का मानकीकरण

(B) संगठन में अनौपचारिक सामाजिक शक्तियाँ

(C) समूह आधारिक भुगतान

(D) श्रमिकों की प्रत्येक प्रकार की मांगों के प्रति प्रबंधन का सकारात्मक उत्तर

63. निम्न में से कौन नव लोक प्रशासन की उत्पत्ति से संबद्ध **नहीं** था ?

(A) फ्रेंक मारिनी

(B) एच. जॉर्ज फ्रेडरिक्सन

(C) ड्वाइट वाल्डो

(D) हर्बर्ट साइमन

64. Which one of the following approaches emphasized intergroup relationship in addition to the formal structure ?

(A) Historical approach (B) Human relations approach

(C) Behavioural approach (D) Philosophical approach

65. Which one of the following statements about the systems approach to organization is *not* correct ?

(A) It is derived from one general systems theory.

(B) It studies the organization as a whole in relation to its environment.

(C) It leads to the formulation of certain fundamental principles of organization.

(D) It views the organization and its environment as interdependent for inputs and resources.

66. Which one of the following is *not* an objective of Whitely Councils ?

(A) Ventilation of grievances through discussion

(B) Providing a forum for securing cooperation between state and civil servants

(C) Proposing legislation on issues relating to civil servants vis-à-vis their employment

(D) Hearing petitions filed by individual civil servants

64. निम्न में से किस उपागम ने औपचारिक संरचना के अतिरिक्त अंतरसमूह संबंधों पर भी बल दिया है ?

(A) ऐतिहासिक उपागम
(B) मानव संबंध उपागम
(C) व्यवहारवादी उपागम
(D) दार्शनिक उपागम

65. निम्न में से कौन सा कथन संगठन में व्यवस्था सिद्धांत के बारे में सत्य **नहीं** है ?

(A) इसे एक सामान्य व्यवस्था सिद्धान्त से लिया गया है
(B) अपने मर्यावरण के संबंध में यह संगठन का समग्र अध्ययन करता है
(C) यह संगठन के कुछ मौलिक सिद्धान्तों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है
(D) आगत तथा संसाधन हेतु यह संगठन और उसके वातावरण में अंतरनिर्भरता को दृष्टिगोचर करता है

66. निम्न में से कौन सा एक व्हिटले परिषद का उद्देश्य **नहीं** है ?

(A) वार्ता द्वारा शिकायतों का संवातन
(B) लोक सेवकों तथा राज्य के मध्य सहयोग हेतु मंच प्रदान करना
(C) लोक सेवकों तथा उनके सेवा संबंधी मुद्दों पर विधायन का प्रस्तावन
(D) लोक सेवकों द्वारा प्रविष्ट व्यक्तिगत याचिकाओं की सुनवाई

67. Which one of the following is *not* a type of leadership according to Max Weber ?

(A) Charismatic (B) Bureaucratic

(C) Traditional (D) Legal-rational

68. While discussing a budget, a legislature *cannot* :

(A) Give assent to the demand (B) Reduce the demand

(C) Refuse the demand (D) Increase the demand

69. Who among the following is identified as the "kingpin" of the state administration ?

(A) Chief Minister (B) Chief Secretary

(C) Home Secretary (D) Governor

70. Which of the following described the nature of American Presidency ?

(A) Head of State (B) Head of Government

(C) Both of the above (D) None of these

71. Which of the following is *not* an essential component of a standard research design ?

(A) Central Question (B) Hypothesis

(C) Literature Review (D) Research Proposal

67. निम्न में से कौन सा एक मैक्स वेबर के अनुसार नेतृत्व का एक प्रकार **नहीं** है ?

(A) करिश्माई (B) नौकरशाही

(C) पारंपरिक (D) विधायी-तार्किक

68. बजट पर चर्चा के समय विधायिका यह **नहीं** कर सकती है :

(A) मांग पर अनुमोदन करना (B) मांग को कम करना

(C) मांग को अस्वीकार करना (D) मांग को बढ़ा देना

69. निम्न में से किसे राज्य प्रशासन की 'धुरी' माना गया है ?

(A) मुख्य मंत्री (B) मुख्य सचिव

(C) गृह सचिव (D) राज्यपाल

70. निम्न में से किसने अमेरिकी राष्ट्रपति के पद की प्रकृति का वर्णन किया है ?

(A) राज्याध्यक्ष (B) शासनाध्यक्ष

(C) उपर्युक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

71. निम्न में से कौन सा मानकीकृत शोध रूपरेखा का एक आवश्यक लक्षण **नहीं** है ?

(A) केन्द्रीय प्रश्न (B) परिकल्पना

(C) साहित्य समीक्षा (D) शोध प्रस्ताव

72. The term "paradigm" in social science research was advocated for the first time by :

(A) Thomas Kuhn (B) Karl Popper

(C) Mark Feuerbach (D) Thomas Carlyle

73. Which of the following states provided 50% reservation for women in Panchayati Raj Institutions for the first time in India ?

(A) Uttar Pradesh (B) Bihar

(C) Himachal Pradesh (D) Haryana

74. Which of the following is *not* an All India Service ?

(A) Indian Administrative Service (B) Indian Police Service

(C) Indian Economic Service (D) Indian Forest Service

75. The experiments in Community Development paving way for Panchayati Raj in India were conducted at :

(A) Nilokhari (B) Samalkha

(C) Dasna (D) Medak

72. सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में 'प्रतिमान' शब्द को सर्वप्रथम प्रतिपादित किया :

(A) थॉमस कुन

(B) कॉर्ल पोपर

(C) मार्क फ्यूरबैक

(D) टॉमस कार्लाइल

73. निम्न में से किस राज्य ने सर्वप्रथम पंचायती राज्य संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) बिहार

(C) हिमाचल प्रदेश

(D) हरियाणा

74. निम्न में से कौन सी एक अखिल भारतीय सेवा **नहीं** है ?

(A) भारतीय प्रशासनिक सेवा

(B) भारतीय पुलिस सेवा

(C) भारतीय आर्थिक सेवा

(D) भारतीय वन सेवा

75. भारत में पंचायती राज का मार्ग प्रशस्त करने वाले सामुदायिक विकास का अनुप्रयोग हुआ :

(A) निलोखेडी

(B) समालखा

(C) डासना

(D) मेडक